प्रेस विज्ञप्ति

06 अक्तूबर 2022

अंतरराष्ट्रीय नर्सों को आकर्षित करना और प्रशिक्षण देना

स्वास्थ्य देखभाल क्षमता में सुधार के लिए, अल्बर्टा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों के लिए लाइसेंस हासिल करके हमारे प्रांत में काम करना आसान बना रहा है।

उन्नत शिक्षा, स्वास्थ्य, और श्रम तथा आप्रवासन विभाग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों के लिए बाधाओं में कमी लाने के काम में मदद करने के लिए त्रि-आयामी योजना शुरू कर रहे हैं। इसमें विनियामक प्रक्रिया को सुव्यवस्थित करते हुए नर्स ब्रिज कार्यक्रम और क्लिनिकल प्लेसमेंट का विस्तार करना और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों को प्रक्रिया को नेविगेट करने में मदद के लिए नया ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म बनाना शामिल है।

उन्नत शिक्षा विभाग अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों के लिए शैक्षिक अवसरों का विस्तार शुरू करने के लिए 2022-23 में $3.5 मिलियन खर्च कर रहा है।

फिलहाल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों को अल्बर्टा में काम की खातिर लाइसेंस हासिल करने के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधि और थोड़ी वित्तीय सहायता से जूझना पड़ता है। अल्बर्टा में अपेक्षित देखभाल की गुणवत्ता का स्तर ऊंचा बनाए रखते हुए, इन बाधाओं के समाधान के लिए समन्वित योजना, प्रांत की स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली की तात्कालिक और भावी ज़रूरतों को बेहतर ढंग से समर्थन देगी।

"अल्बर्टा कनाडा में रहने, काम करने और परिवार की परवरिश करने के लिए सबसे बेहतर जगह है। और अधिक स्वास्थ्य देखभाल कर्मचारियों की विश्व में भारी मांग है। यह रणनीतिक दृष्टिकोण दुनिया को अल्बर्टा में रहने के सभी लाभों की याद दिलाते हुए हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली में अधिक उच्च कुशलता और योग्यता वाली नर्सों को तेजी से लाने में मदद करेगा।

जेसन केनी, प्रीमियर

लालफीताशाही को घटाते हुए उच्च गुणवत्ता वाली देखभाल सुनिश्चित करना

उन्नत शिक्षा (एडवांस एजुकेशन) विभाग जनवरी 2023 में जल्द से जल्द मौजूदा ब्रिज कार्यक्रमों में सीटों की संख्या बढ़ाने के लिए उत्तर-माध्यमिक संस्थानों के साथ सहयोग करेगा। अल्बर्टा में नर्स बनने की लागत के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों का सहयोग करने के लिए नए ब्रिज कार्यक्रम और बर्सरी (शिक्षा के लिए सहायता राशि) भी विकसित की जाएगी।

यह कार्यक्रम इस बात को सुनिश्चित करने के लिए बड़ी सरकारी पहल का हिस्सा है कि विनियमित पेशों और नामित व्यवसायों या ट्रेडों में प्रवेश करने वाले योग्य व्यक्तियों को अनुचित प्रक्रियाओं या बाधाओं का सामना न करना पड़े। इसमें *निष्पक्ष पंजीकरण व्यवहार अधिनियम* (फ़ेयर रजिस्ट्रेशन प्रैक्टिसेस एक्ट) पारित करना और निष्पक्ष पंजीकरण व्यवहार कार्यालय का निर्माण करना शामिल है

“अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित कई नर्सें ब्रिज कार्यक्रमों की लागत और प्रतीक्षा समय के कारण अपने कौशल स्तर पर कार्य-निष्पादन करने में असमर्थ हैं। हम ये बाधाएं दूर कर रहे हैं और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों को खुद को और हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए अपने ट्रेड की प्रैक्टिस करने में मदद कर रहे हैं।”

डमीट्रियोस निकोलाइड्स, उन्नत शिक्षा मंत्री

“*निष्पक्ष पंजीकरण व्यवहार अधिनियम* के पारित *करने* और नवागंतुकों हेतु निष्पक्षता कार्यालय स्थापित करने जैसी कार्रवाइयां अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित पेशेवरों को हमारे प्रांत में ज्यादा तेज़ी से काम पर लगने में मदद कर रही हैं। हालांकि, अभी और भी बहुत कुछ करना बाकी है। इसीलिए हमें इन पेशेवर बाधाओं से निपटने के लिए समस्त सरकारी उपागम अपनाना चाहिए।”

केसी मडू, श्रम और आप्रवासन मंत्री

“हमारी स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली को नर्सों की ज़रूरत है, और कनाडा के लिए आप्रवासन करने वाली अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सें अप्रयुक्त ज्ञान और कौशल का प्रमुख स्रोत हैं। माउंट रॉयल यूनिवर्सिटी को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों के अपने लचीलेपन, दृढ़ संकल्प, धैर्य, मज़बूत कार्य नैतिकता और सांस्कृतिक समझ को अल्बर्टा में लाने में मदद करने पर गर्व है।”

टिम राहिली, अध्यक्ष और कुलपति, माउंट रॉयल यूनिवर्सिटी

त्वरित तथ्य

- फिलहाल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों को अल्बर्टा में निम्नलिखित बाधाओं का सामना करना पड़ता है:
  - समय खपाऊ नियामक प्रक्रिया (24 महीने तक)।
  - अल्बर्टा के नर्सिंग प्रैक्टिस मानकों को पूरा करने के लिए ज़रूरी अपस्किलिंग का समर्थन करने वाले ब्रिज कार्यक्रमों तक पहुंच के लिए लंबी प्रतीक्षा अवधियां।
  - ब्रिज कार्यक्रमों को पूरा करने के लिए क्लिनिकल प्लेसमेंट का अभाव।
  - अल्बर्टा में प्रैक्टिस का लाइसेंस प्राप्त करने के लिए पहुंच से बाहर लागतें ($16,000 से अधिक तक), साथ ही वित्तीय सहायता की कमी।
- ब्रिटिश कोलंबिया, मैनिटोबा, ओंटारियो, न्यू ब्रंसविक और सस्कैचवन समेत अन्य कनाडाई क्षेत्राधिकार अपनी आबादी की ज़रूरतों को पूरा करने के लिए अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शिक्षित नर्सों की भर्ती के लिए नए-नए तरीके अपना रहे हैं।

मल्टीमीडिया

- न्यूज़ कॉन्फ्रेंस देखें